web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 27 दिसंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 89

# हाईटेंशन लाइन के 70 फीट ऊंचे टावर से गिरे मजदूर, 5 की मौत

सीधी | आरएनएस



सीधी में हाईटेंशन लाइन का 70 फीट ऊंचा टावर टूटने से 2 भाइयों समेत 5 लोगों की मौत हो गई। घटना गुरुवार दोपहर 12.30 बजे की है। हादसा तब हुआ जब टावर के ऊपर 9 मजदूर काम कर रहे थे। 5 गंभीर घायलों को रामपुर नैकिन (सीधी) अस्पताल में भर्ती कराया है।

दरअसल, सीधी जिले में जेपी नगरी पावर प्लांट से सतना तक हाईटेंशन बिजली लाइन डाली जा रही है। रामपुर नैकिन जनपद पंचायत के पटेहरा गांव में इसका काम चल रहा था। इसी दौरान टावर टूटकर गिर गया।

हादसे में एसके मुबारत, अजमेर शेख और सोन मौसीर की मौत हो गई। दो और मृतकों ने नाम अभी सामने नहीं आ सके है। थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी ने बताया है कि काम करने वाले सभी दूसरे प्रदेश के थे। जहां उनके परिजनों को फोन के माध्यम से सूचित कर दिया गया है

जेपी पावर प्लांट, निगरी दो महीने से हाईटेंशन लाइन के लिए टावर लगाने का काम कर रही है। मजदूर एसके मंसूरी ने बताया कि सुरक्षा के लिए कंपनी प्रबंधन की ओर से हेलमेट, जूते और झूला दिया जाता है। जिसके सहारे हम ऊपरी हिस्से पर चढ़ते थे। इसके अलावा और कोई उपकरण नहीं दिए गए थे।

## कोटपूतली : बोरवेल में गिरी मासूम चेतना को बचाने का 67 घंटे से जारी रेस्क्यू ऑपरेशन



**कोटपूतली-बहरोड़ (आरएनएस)।** किरतपुरा गांव में तीन दिन से चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन ने 67 घंटे से अधिक का समय ले लिया है। मासूम चेतना को बोरवेल से सुरक्षित निकालने के लिए प्रशासन ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। अब तक करीब 150 फीट तक खुदाई हो चुकी है, लेकिन चेतना तक पहुंचने में अभी और समय लगेगा।रेस्क्यू टीम ने पाइलिंग मशीन बदलकर नई मशीन सिफ्ट की है, जिससे अब सीधे खुदाई के बजाय आड़ा मार्ग अपनाकर चेतना तक पहुंचने की योजना बनाई जा रही है। एक्सपर्ट्स जल्द ही नीचे उतरकर सावधानीपूर्वक काम करेंगे ताकि चेतना को किसी प्रकार की चोट न पहुंचे। घटनास्थल पर जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल समेत पुलिस और चिकित्सा विभाग के अधिकारी हर पल निगरानी कर रहे हैं। इस ऑपरेशन के दौरान प्रशासन के साथ-साथ स्थानीय लोग भी चेतना की सलामती के लिए दुआएं कर रहे हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन दिन-रात जारी है, और टीम को हर संभव प्रयास करते देखा जा रहा है। परिवार और गांव के लोग बेसब्री से चेतना के सुरक्षित बाहर आने का इंतजार कर रहे हैं। यह ऑपरेशन प्रशासन और मानवीय भावना के अद्भुत प्रयास का उदाहरण बन रहा है।

## यमुनानगर : 3 युवकों पर ताबड़तोड़ फायरिंग : 2 की मौत, 1 की हालत नाजुक; जिम से लौटते वक्त नकाबपोश बाइक सवारों ने मारी गोलियां



**यमुनानगर (आरएनएस)।** हरियाणा के यमुनानगर में गुरुवार सुबह 3 युवकों पर नकाबपोश बाइक सवारों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इसमें 2 युवकों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर है। उसे निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मामला सुबह करीब साढ़े 8 बजे रादौर के गांव खेडी लक्खा सिंह में सामने आया। तीनों युवक पावर नाम के जिम में एक्सरसाइज करने आए थे। वह एक्सरसाइज करने के बाद घर जाने के लिए जैसे ही जिम से बाहर निकले तो हमलावरों ने उन पर 15 से 20 राउंड फायरिंग कर दी।

फायरिंग में यमुनानगर के गांव गोलानी के वीरेंद्र कुमार और उत्तर प्रदेश के बड़ौत के पंकज कुमार की मौत हो गई, जबकि यमुनानगर के गांव उनहेड़ी का रहने वाला अर्जुन घायल हो गया। हमलावरों की संख्या 4 से 5 बताई जा रही है।इस घटना की सूचना मिलते ही यमुनानगर स्क्क राजीव देशवाल घायल से मिलने के लिए अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कांवड़ मार्ग पर दर्दनाक हादसा, पेड़ से टकराई कार, आगरा के दंपति की मौत

**मेरठ (आरएनएस )।** बुधवार दोपहर सरधना थाना क्षेत्र के चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग पर दर्दनाक हादसे में दंपति की जान चली गई। मसूरी घूम कर लौट रहे दंपति की कार बाइक सवार को बचाने में पेड़ से टकरा गई। मृतकों की पहचान आगरा निवासियों के रूप में हुई है। बताया जाता है कि बुधवार की दोपहर लगभग 3:30 बजे सरधना थाना क्षेत्र में कांवड़ मार्ग पर कपसाड़ गांव के सामने तेज रफ्तार कार एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा दुर्घटनाग्रस्त कार में फंसे एक पुरुष और महिला को लहूलुहान हालत में सरधना सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतक की जेब से मिले कागजात के आधार पर उसकी पहचान आगरा निवासी 40 वर्षीय अभिषेक सेंगर व उसकी पत्नी रेखा सेंगर के रूप में हुई। जांच के दौरान पता चला कि दंपति मसूरी घूम कर वापस लौट रहे थे। इंस्पेक्टर प्रताप सिंह ने बताया कि मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। दोनों शवों को मोर्चरी भेज दिया गया है।

### नीलगाय की टकराई बाइक,दो चचेरे भाइयों की हुई मौत

**आजमगढ़ (आरएनएस)।** जनपद के रौनापार थाना क्षेत्र के बनकटा बघावर मार्ग पर चिलबिली खैरघाट गांव के पास हुए सडक़ हादसे में दो चचेरे भाईयों की मौत हो गई। मृतक सोन बुजुर्ग गांव के तवक्कलपुर दलित बस्ती गांव के निवासी थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना के बाद से परिवार में मातम छाया हुआ है। रौनापार थाना क्षेत्र के सोन बुजुर्ग गांव के तवक्कलपुर दलित बस्ती गांव निवासी नागेंद्र कुमार (23) और धीरज कुमार (18) ट्रक पर रहते थे। नागेंद्र चालक और धीरज खलासी का काम करता था। दोनों को ट्रक में लदे माल को बृहस्पतिवार की सुबह मुंबई से फरीदाबाद लेकर जाना था। वह दोनों बुधवार की शाम 3.30 बजे लोड गाड़ी लाटघाट-रौनापार रोड पर खड़ा कर घर चले गए। दोनों स्नान कर शाम को खाने-पीने का सामान घर लेकर आए। इसके बाद वह बाइक से बाजार गोसाईं गए थे। रात करीब 9.30 बजे घर वापस आ रहे थे। वह जैसे ही बनकटा बघावर मार्ग पर चिल बिली खैरघाट गांव के समीप पहुंचे ही थे तभी अचानक बाइक के सामने नीलगाय आ गई। इससे बाइक नीलगाय से टकराकर गिर पड़ी। इस हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एक साथ दोनों चचेरे भाइयों की मौत से पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। परिवार में मातम छाया हुआ है।

### कार की टक्कर से दो दोस्तों की मौत

**आजमगढ़ (आरएनएस)।** गोविन्द साहब मेला देखने जा रहे दो दोस्तों को कार ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इनको उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया,पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना मंगलवार की देर रात अतरौलिया थाना क्षेत्र के छितैनी गांव के पास हुई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।बता दें कि सऊदी अरब में कार्य करने वाले अजय कुमार (28) फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के नियाऊज गांव निवासी थे। दो माह पहले ही वह छुट्टी पर घर आए थे। वहीं इसी गांव के निवासी इंदल कुमार (28) भी सऊदी अरब में काम करते थे। वह भी कुछ दिन पूर्व घर आए थे। दोनों दोस्त थे व घर आस-पास होने के कारण हमेशा दोनों अक्सर साथ आया-जाया करते थे। मंगलवार की रात दोनों घर से बाइक से गोविंद साहब का मेला देखने के लिए निकले थे। रात में दोनों अतरौलिया थाना क्षेत्र के छितैनी गांव के पास पहुंचे थे तभी पीछे से आ रहे कार ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार चालक फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोग घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने एंबुलेंस से दोनों को सौ सैय्या अस्पताल अतरौलिया ले गई। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। टक्कर से बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। अजय पांच भाई पांच बहन में सातवें नंबर पर था।

# कोहरे में धीमी हुई ट्रेनों की रफ्तार, अवध एक्सप्रेस-लखनऊ मेल समेत 18 ट्रेनें लेट


**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उत्तर भारत में कोहरे का कहर शुरू हो गया है। आज राजधानी दिल्ली घना कोहरे में लिपटी हुई है। इसका असर यातायात पर भी देखने को मिलने लगा है। भारतीय रेलवे के ताजा अपडेट के मुताबिक, घने कोहरे के कारण देश के विभिन्न हिस्सों से दिल्ली आने वाली 18 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। इसमें अवध-असम एक्सप्रेस, लखनऊ मेल व सत्याग्रह एक्सप्रेस भी शामिल हैं। रेलवे ने देरी से चल रही ट्रेनों की लिस्ट जारी की है। हालांकि दिल्ली हवाई अड्डा के अधिकारियों का कहना है कि एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी कम है लेकिन सभी उड़ानों का संचालन सामान्य चल रहा है। बता दें कि 25 दिसंबर को कुछ उड़ानों पर असर देखने को मिला था।

वहीं मौसम वैज्ञानिकों ने पूर्वानुमान जताया है कि 26 से 28 दिसंबर तक दिल्ली में देर रात और सुबह के समय घना कोहरा छाया रहेगा। इसमें आंशिक रूप से बादल छाए रहने तथा शाम या रात के समय हल्की बारिश होने की संभावना भी जताई गई है। इसके अलावा सुबह के समय मुख्य सतही हवा उत्तर-पूर्व दिशा से आने की उम्मीद है, जिसकी गति 4 किमी/घंटा से कम होगी।

वहीं प्रदूषण की बात करें तो क्रिसमस के दिन भी शहर की वायु गुणवत्ता बहुत खराब रही। दिल्ली का 24 घंटे का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शाम 4 बजे 336 के साथ बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। आज भी हाल कुछ ऐसा ही है। सुबह 6 बजे के अपडेट के मुताबिक आज औसत एक्यूआई 343 के साथ बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, दिल्ली की वायु गुणवत्ता लगातार तीसरे दिन भी बहुत खराब श्रेणी में बनी हुई है, इससे पहले यह गंभीर श्रेणी में थी।

# नहीं रहे मनमोहन सिंह, सभी सरकारी कार्यक्रम रद्द, 7 दिन का राजकीय शोक

नई दिल्ली



पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह का गुरुवार की रात दिल्ली के AIIMS हॉस्पिटल में निधन हो गया. मनमोहन सिंह के निधन के बाद केंद्र सरकार ने शुक्रवार के सभी सरकारी कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं. सरकार ने 7 दिन का राजकीय शोक घोषित किया है. सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार सुबह 11 बजे कैबिनेट की बैठक होगी. डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा.

पूर्व पीएम को गुरुवार की शाम बेहोश होने के बाद AIIMS में भर्ती कराया गया, जहां उनका निधन हो गया. वे लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे थे. इससे पहले भी उन्हें कई बार स्वास्थ्य कारणों से अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका था.

**कांग्रेस ने भी रद्द किए कार्यक्रम-** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर कांग्रेस ने भी अपने सभी आधिकारिक कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं. कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी के सम्मान में स्थापना दिवस समारोह सहित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सभी आधिकारिक कार्यक्रम अगले सात दिनों के लिए रद्द कर दिए गए हैं. इसमें सभी आंदोलनकारी और आउटरीच कार्यक्रम शामिल हैं. पार्टी के कार्यक्रम 3 जनवरी, 2025 को फिर से शुरू होंगे. शोक की इस अवधि के दौरान पार्टी का झंडा आधा झुका रहेगा.

**पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि -** डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक व्यक्त किया. उन्होंने X पर एक पोस्ट में लिखा कि भारत अपने सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक डॉ. मनमोहन सिंह जी के निधन पर शोक मना रहा है. साधारण पृष्ठभूमि से उठकर वे एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री बने. उन्होंने वित्त मंत्री सहित विभिन्न सरकारी पदों पर काम किया और वर्षों तक हमारी आर्थिक नीति पर अपनी गहरी छाप छोड़ी. संसद में उनके हस्तक्षेप भी बहुत ही व्यावहारिक थे, हमारे प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए व्यापक प्रयास किए.

**मैंने अपने गुरु को खो दिया: राहुल गांधी -** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने मनमोहन सिंह के निधन पर दुख जताते हुए एक्स पर लिखा, मनमोहन सिंह जी ने असीम बुद्धिमत्ता और निष्ठा के साथ भारत का नेतृत्व किया. उनकी विनम्रता और अर्थशास्त्र की गहरी समझ ने देश को प्रेरित किया. श्रीमती कौर और परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना. मैंने एक गुरु और मार्गदर्शक खो दिया है. हममें से लाखों लोग जो उनके प्रशंसक थे, उन्हें अत्यंत गर्व के साथ याद करेंगे.

# उत्तर प्रदेश : संभल में मिला जागृत कूप, खुदाई जारी

संभल | आरएनएस



उत्तर प्रदेश के संभल में गुरुवार को जामा मस्जिद से करीब 200 मीटर की दूरी पर एक कूप (कुआं) मिला है। मौके पर अभी खुदाई का कार्य जारी है। यह कुआं हिंदू बाहुल्य इलाके में मिला है। इसे मृत्यु का कुआं भी कहा जाता है।

जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पेंसिया ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यहां एक जागृत कूप मिला है। इससे पहले, चंदौसी के लक्ष्मणगंज में बावड़ी मिली थी, जिसकी खुदाई पिछले पांच दिनों से जारी है। इस बावड़ी को सदियों पुराना बताया जाता है।

इससे पहले 25 दिसंबर को संभल में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम ने चंदौसी स्थित पृथ्वीराज चौहान की बावड़ी का निरीक्षण किया था। एएसआई टीम ने फिरोजपुर किले का भी निरीक्षण किया था। टीम के साथ डीएम और एसपी भी मौजूद थे। डीएम-एसपी के साथ टीम के लोगों ने बावड़ी के अंदर जाकर, दीवारों को छूकर पूरा निरीक्षण किया था। टीम ने तोता-मैना की कब्र भी देखी थी।

जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने बताया था कि संभल प्राचीन नगर रहा है। इस नगरी में इतिहास से लेकर वर्तमान तक अनेक अवशेष उपलब्ध हैं और दिखते भी हैं। उनको संरक्षित और सुरक्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। उसी क्रम में एएसआई की टीम आई थी।

उन्होंने बताया था कि फिरोजपुर का किला पहले से एएसआई के संरक्षण में है। एएसआई ने उसे सुरक्षित करने के लिए चारदीवारी बनाई है। इसके बावजूद आसपास के लोगों का आना-जाना लगा रहता है। अब, एएसआई इस ओर ध्यान देगा। दूसरा नीमसार का कुआं सबसे जागृत कूप है। उसी में जल मिला है। वह तीर्थ भी जागृत है। यहां 10-12 फीट की गहराई पर जल है। तोता-मैना की कब्र थोड़ी जीर्ण हालत में है। उसे सुरक्षित करने की आवश्यकता है। इसके अलावा राजपूत काल की बावड़ी जो कि पृथ्वीराज के समय में बनी थी, वह बहुत सुंदर और भव्य है, उसे भी सुरक्षित करने की आवश्यकता है।

# अयोध्या में शीशे की भूल भुलैया का हुआ उद्घाटन, 10 साल तक के बच्चों के लिए मुफ्त प्रवेश

अयोध्या | आरएनएस

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के मौके पर योगी सरकार ने अयोध्या को एक और सौगात दी है। अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी और नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने राज्य स्मार्ट सिटी योजना के तहत 3 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से तैयार शीशे की भूल भुलैया का उद्घाटन किया।

यह भूल भुलैया राम पथ पर बेनीगंज जलकल कार्यालय के पास बनाई गई है। इसे माता सीता की खोज पर आधारित मिरर इमेज की थीम पर डिजाइन किया गया है। जो देश और दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए एक विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगा।

अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस के मौके पर यह भूल भुलैया प्रति वर्ष श्रद्धालुओं के लिए मुफ्त में खुली रहेगी, जबकि बाकी दिनों में प्रवेश के लिए टिकट लिया जाएगा। सामान्य प्रवेश शुल्क 25 रुपये प्रति व्यक्ति होगा, जबकि 10 वर्ष तक के बच्चों के लिए यह प्रवेश मुफ्त रहेगा। स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए प्रवेश शुल्क 15 रुपये होगा और विद्यालय समूहों के लिए बुकिंग के माध्यम से 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

अयोध्या मेयर गिरीश पति त्रिपाठी, मेयर अयोध्या ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि लोग अयोध्या आते हैं। जब वह राम मंदिर का दर्शन करके निकलें और शीशे की भूल भुलैया देख सकेंगे। ये राम पथ पर है। इसके अंदर जाने के बाद व्यक्ति को बहुत अच्छा अनुभव होगा। यह केवल मनोरंजन के लिए नहीं है बल्कि इसमें माता सीता की खोज के माध्यम से उनके विभिन्न प्रसंगों को भी रखा गया है। भूल भुलैया में घुमने के दौरान लोगों को पौराणिक प्रसंग को भी देखने का अवसर मिलेगा।

नगर आयुक्त अयोध्या संतोष शर्मा ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत शीशे की भूल भुलैया का निर्माण कराया गया है। भूल भुलैया को यहां आने वाले पर्यटक और श्रद्धालुओं के मनोरंजन का अनुभव प्रदान करने के लिए बनाया गया है। जब व्यक्ति इसके अंदर जाएगा तो उसे खड़ा होने पर चारों तरफ एक जैसी चीजें दिखाई देंगी।

# पीएम मोदी ने वीर बाल दिवस पर किया सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान का शुभारंभ

नई दिल्ली | आरएनएस



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को भारत मंडपम में आयोजित तीसरे वीर बाल दिवस कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने साहिबजादों की वीरता और बलिदान को याद करते हुए इस दिन की अहमियत पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान का भी शुभारंभ किया, जिसका उद्देश्य कुपोषण को समाप्त करना और विकसित भारत की नींव तैयार करना है।

पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वीर बाल दिवस के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह दिन अब करोड़ों भारतीयों के लिए राष्ट्रीय प्रेरणा का पर्व बन चुका है। इस दिन ने न केवल साहिबजादों की वीरता की गाथाओं को जीवित रखा है, बल्कि यह लाखों बच्चों और युवाओं को अदम्य साहस और समर्पण के लिए प्रेरित भी करता है। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से उन 17 बच्चों की सराहना की, जिन्हें आज वीर बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वीर बाल दिवस हमें साहिबजादों की वीरता और बलिदान की गाथा से परिचित कराता है, जो राष्ट्र और आस्था के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह के साहस की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि उम्र में छोटे होने के बावजूद इन साहिबजादों ने मुगल सल्तनत के प्रलोभनों को ठुकरा दिया और अपने प्राणों की आहुति दी। इन साहिबजादों ने गुरु गोविंद सिंह की वीरता को अपने जीवन में उतारा और देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, लेकिन अपनी आस्था के मार्ग से कभी विचलित नहीं हुए।

प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि हमारे लोकतंत्र की विशालता गुरुओं की शिक्षाओं, साहिबजादों के बलिदान और राष्ट्रीय एकता के मंत्र पर आधारित है। भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि यह संविधान समाज के हर वर्ग को समान अवसर प्रदान करने की दिशा में हमारा मार्गदर्शन करता है। देश के लिए किया गया हर कार्य बहादुरी का कार्य है और हर बच्चा या युवा जो देश के लिए कार्य करता है, वह वीर बालक है।

उन्होंने कहा कि आज के दौर में भारतीय युवाओं की ऊर्जा ने देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में युवा शक्ति की अहम भूमिका होगी। इसके साथ-साथ प्रधानमंत्री मोदी ने सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान का शुभारंभ किया, जिसका उद्देश्य ग्राम पंचायतों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देकर कुपोषण को समाप्त करना है। इसके अलावा, इस अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों को पोषण के परिणाम सुधारने और सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने की दिशा में सक्रिय कदम उठाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके माध्यम से ग्राम पंचायतों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि कुपोषण की समस्या को समग्र रूप से हल किया जा सके।

प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देकर कहा कि अब केवल सर्वश्रेष्ठ ही हमारा मानक होना चाहिए। चाहे वह बुनियादी ढांचे का क्षेत्र हो, विनिर्माण का, खेल का या फिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का, हमें हर क्षेत्र में श्रेष्ठता के मानक स्थापित करने होंगे। पीएम मोदी ने युवाओं से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ बनने की दिशा में कार्य करें।

पीएम मोदी ने मेरा युवा भारत अभियान की भी बात की, जिसका उद्देश्य युवाओं को शिक्षा और व्यावहारिक अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि देश में 10 हजार से अधिक अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की गई हैं, जो नवाचार को बढ़ावा देने का कार्य कर रही हैं। इसके साथ ही, सरकार की नीतियों का मुख्य फोकस युवाओं को सशक्त बनाना है। आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि युवाओं को अपनी क्षमता पर विश्वास रखते हुए वैश्विक मंच पर देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाना होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय युवा, जो दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों का नेतृत्व कर सकते हैं,